



किसानों की मांगों को लेकर

# कांग्रेस का विशाल आंदोलन, हाईवे पर किया चक्का जाम

## उमड़ा किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जनसैलाब



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 7 मई।** किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर आगरा-बम्बई नेशनल हाईवे, मुरैना रोड पर आयोजित विशाल किसान आंदोलन एवं हाईवे चक्का जाम कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आंदोलन स्थल पर किसानों, युवाओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भिंड जिले से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आंदोलन में शामिल हुए और किसानों के समर्थन में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई।

### वरिष्ठ नेताओं की रही मौजूदगी

आंदोलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर किसानों की मांगों को मजबूती से उठाया। इस दौरान सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, मध्यप्रदेश सह प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव व भरतपुर सांसद श्रीमती संजना जाटव, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह यादव, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, विधायक दिनेश गुर्जर, पंकज उपाध्याय एवं विधायक गोहद केशव देसाई सहित कई विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी एवं ग्वालियर-चम्बल संभाग के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्याओं पर सरकार से निर्णय की मांग

आंदोलन के दौरान किसानों की समस्याओं, उपार्जन व्यवस्था, भुगतान, समर्थन मूल्य एवं अन्य मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद की गई। नेताओं ने सरकार से किसानों के हित में तत्काल ठोस निर्णय लेने की मांग की। आंदोलन में किसानों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह, अनुशासन एवं संघर्षशील भावना प्रमुख रूप से देखने को मिली।

### भिण्ड जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे

कार्यक्रम में भिंड जिले से विधायक गोहद केशव देसाई, ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल, शहर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 'पिंकी', प्रदेश सह सचिव मनोज देपुरिया, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राहुल सिंह भदौरिया, एससी विभाग प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णगोपाल चौरसिया, मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। आयोजकों ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, किसान भाइयों एवं आमजन का आभार व्यक्त किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी किसानों, गरीबों एवं आमजन की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

# महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान पहुंचे कौशल शर्मा

## हनुमान जी महाराज के दर्शन कर देश की खुशहाली की कामना की



**भिण्ड, 7 मई।** महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल के अध्यक्ष कौशल शर्मा गुरुवार को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ डॉ. हनुमान जी महाराज की पूजा-अर्चना कर देश की खुशहाली, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

**महामंडलेश्वर रामदास महाराज से लिया आशीर्वाद:** दर्शन-पूजन के उपरांत कौशल शर्मा ने श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामदास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महंत रामदास महाराज ने उन्हें शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान किया।

**संस्कृत विद्यालयों की व्यवस्था सुधारने पर जोर:** चर्चा के दौरान महंत रामदास महाराज ने कहा कि प्रदेश के सभी संस्कृत विद्यालयों की व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने संस्कृत भाषा को मोक्षदायिनी एवं भारतीय संस्कृति की मूल धारा बताते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन पर बल दिया। संस्कृत विद्यालय का किया अवलोकन: दंदरौआ धाम प्रवास के दौरान कौशल शर्मा ने पुरुषोत्तम संस्कृत विद्यालय, दंदरौआ धाम का भी अवलोकन किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर प्राचार्य भोलाराम शर्मा, रामबरन पुजारी, पवन शास्त्री, अम्बरीष आचार्य, जलज त्रिपाठी, नारायण व्यास सहित अनेक विद्यार्थी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा में सुनाई भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला

## कथावाचक शिखा किशोरी ने बताया बाल कृष्ण की नटखट लीलाओं का महत्व



**नवभारत न्यज**

**भिण्ड, 7 मई।** मालनपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक शिखा किशोरी ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रसिद्ध माखन चोरी लीला का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु बाल कृष्ण की नटखट लीलाओं में भावविभोर नजर आए।

**'मैया, आपके लाला ने नाक में दम कर रखा है':** कथावाचक शिखा किशोरी ने कहा कि बाल कृष्ण की सबसे प्रिय और लोकप्रिय लीलाओं में माखन चोरी प्रमुख है। उन्होंने बताया कि पूरा गोकुल कान्हा की माखन चोरी से एक ओर परेशान रहता था तो दूसरी ओर उनकी बाल लीलाओं से आनंदित भी होता था। कथा में वर्णन किया गया कि यशोदा मैया प्रतिदिन ताजा माखन बनाकर मटकी में रखती थीं, लेकिन कान्हा को अपने घर का माखन नहीं, बल्कि गोपियों के घरों से माखन चुराकर खाने में विशेष आनंद आता था।

**सखाओं के साथ बनाते थे योजना:** शिखा किशोरी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण अपने सखा दामा, सुदामा, मधुमंगल, सुबल एवं अन्य मित्रों के साथ मिलकर माखन चोरी की योजना बनाते थे। गोपियां माखन को छींके पर ऊंचाई पर टांग देती थीं, लेकिन कान्हा अपने सखाओं का पिरामिड बनवाकर मटकी तक पहुंच जाते थे और माखन चुराकर सभी के साथ बांटकर खाते थे।

**ऊखल बंधन लीला का भी हुआ वर्णन:** कथावाचक ने आगे बताया कि एक दिन यशोदा मैया ने तंग आकर श्रीकृष्ण को ऊखल से बांध दिया। इसी दौरान बाल कृष्ण ऊखल घसीटते हुए दो वृक्षों के बीच ले गए, जिससे नारद मुनि के श्राप से बंधे नलकूबर और मणिग्रीव मुक्त हो गए।

### माखन चोरी लीला का आध्यात्मिक संदेश

शिखा किशोरी ने बताया कि माखन केवल भोजन नहीं, बल्कि मन की निर्मलता और कोमलता का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण अपने भक्तों के निष्कपट, सरल और पवित्र मन को स्वीकार करते हैं। कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए और कथा का आनंद लिया।

## भैंस डेयरी संचालक से वसूला जुर्माना

ग्वालियर 07 मई। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 अंतर्गत शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सडक पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसके तहत आज किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 46 में जुर्माना वसूला गया।

# नवागत पुलिस अधीक्षक से मिले पूर्व सैनिक, हरिदास देपुरिया हत्याकांड पर हुई चर्चा

## ग्राम बडेरी में होगी शौर्य चक्र विजेता अनूप शर्मा की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा 10 को

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 7 मई।** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा से आज इंडियन वेटर्न ऑर्गनाइजेशन के पूर्व सैनिकों ने शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि शहीदों की धरती भिंड में आपका स्वागत है तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में पूर्व सैनिक सदैव पुलिस एवं जिला प्रशासन के साथ खड़े रहेंगे।

इंडियन वेटर्न ऑर्गनाइजेशन के जिला संयोजक सुनील फौजी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुरेश सिंह तोमर के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान ग्राम कल्याणपुरा निवासी हरिदास देपुरिया की पत्नी की हत्या एवं लूट की घटना का मामला प्रमुखता से उठाया गया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि घटना को एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस पर एसपी सूरज वर्मा ने शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

वहीं, कश्मीर में चार आतंकवादियों को मार गिराने वाले शौर्य चक्र विजेता अमर शहीद अनूप शर्मा की पुण्य तिथि 10 मई को सुबह 10 बजे ग्राम बडेरी में मनाई जाएगी। इस अवसर पर जिलेभर के पूर्व सैनिकों एवं युवाओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आदेश मिश्रा, सुबोध तिवारी तथा ग्राम पंचायत गढ़ा चांचड़ के सरपंच बॉबी शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा शामिल होंगे। साथ ही हरिदास देपुरिया की पत्नी की हत्या के मामले को लेकर सैनिक महापंचायत आयोजित कर आगे की रणनीति पर भी चर्चा की जाएगी।

गौरतलब है कि 15 अप्रैल को हुए धरना प्रदर्शन के दौरान तत्कालीन एसपी असित यादव ने 15 दिनों के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। नवागत एसपी से मिलने वालों में सूबेदार मेजर शिव बहादुर भदौरिया, सूबेदार अनुरुद्ध सिंह भदौरिया, सूबेदार राजबीर सिंह तोमर, सूबेदार कैलाश सिंह भदौरिया, सूबेदार रामजीलाल शर्मा, कैप्टन जलालुद्दीन खान, कैप्टन अजय सिंह भदौरिया तथा सूबेदार जीत बहादुर कुशवाह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी प्रकरणों के निराकरण का अवसर

## कल समझौते के माध्यम से मिलेगी विशेष छूट

**भिण्ड, 7 मई।** म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं से संबंधित प्रकरणों का समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। कंपनी ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत लंबित विद्युत चोरी प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन मामलों के निराकरण के लिए उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की है।

**उपभोक्ताओं को दी जाएगी विशेष छूट:** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत दर्ज लंबित एवं न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण हेतु निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर-घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को विशेष छूट प्रदान की जाएगी।

**प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में 30 प्रतिशत छूट:** प्रि-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व राशि पर 30 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही, भुगतान में विलंब होने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस पश्चात प्रत्येक छमाही चक्रवृद्धि दर से 16 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की देय राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

**लिटिगेशन प्रकरणों में 20 प्रतिशत छूट:** लिटिगेशन स्तर के मामलों में आकलित सिविल दायित्व राशि पर 20 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त विलंबित भुगतान पर लागू 16 प्रतिशत वार्षिक ब्याज राशि पर भी 100 प्रतिशत छूट मिलेगी।

### नियम एवं शर्तों के तहत मिलेगा लाभ

कंपनी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह छूट निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन रहेगी तथा केवल 10 लाख रुपये तक की आकलित सिविल दायित्व राशि वाले प्रकरणों पर लागू होगी। यह विशेष छूट केवल 09 मई 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में समझौता करने वाले उपभोक्ताओं के लिए ही मान्य रहेगी। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने एवं प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क कर लोक अदालत का लाभ उठाएं।

# पांच जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधे

## दंदरौआ धाम में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 7 मई।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में महामंडलेश्वर महंत रामदास महाराज के सानिध्य में गुरुवार को निव्या बंधन सर्वजातीय शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया।

### पांच जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह:

आयोजित विवाह सम्मेलन में पांच जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार एवं हिंदू रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधे। पंडित रामलखन कटारे द्वारा सभी वैवाहिक जोड़ों का विधि-विधान पूर्वक विवाह संपन्न कराया गया। विवाह बंधन में बंधने वाले जोड़ों में सिद्धू प्रजापति-सुशीला प्रजापति, दलवीर माहौर-पुष्पा माहौर, अजय धानुक-मनी धानुक, नीतू शाक्य-अंजली शाक्य तथा छोटू विश्वकर्मा-प्रियंका विश्वकर्मा शामिल रहे।

**महंत रामदास महाराज ने दिया आशीर्वाद:** महामंडलेश्वर महंत रामदास महाराज ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने नवदंपत्तियों को जीवनभर एक-दूसरे का साथ निभाने एवं पारिवारिक मूल्यों का पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विवाह जैसे पवित्र संस्कार दिखावे, फिजूलखर्ची और सामाजिक दबाव का रूप लेते जा रहे हैं। ऐसे में सामूहिक विवाह जैसी पहल समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही है।

**सामाजिक समरसता को मिलता है बढ़ावा:** कन्यादान समिति अध्यक्ष प्रदीप राणा ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए राहत का माध्यम हैं। साथ ही ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, समानता एवं सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में रामबरन पुजारी, संदीप राणा, सुंदर बाबा, छक्की सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।





# जनपद सीईओ ने किया सोलर आरओ प्लांट का उद्घाटन

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 7 मई।** ग्राम पंचायत लहचूरा में गुरुवार को फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सहयोग से स्थापित एक हजार लीटर क्षमता वाले आरओ प्लांट एवं सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया गया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है, जिससे दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव हो सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सीईओ रामपाल ने फीता काटकर आरओ प्लांट का उद्घाटन किया और आरओ प्लांट तथा सोलर सिस्टम का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर ग्रामवासियों ने जनपद सीईओ का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सीईओ ने कहा कि दूषित जल के सेवन से लोगों को कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि जिस आरओ पानी को ग्रामीण बाजार से लगभग बीस रुपये में खरीदते हैं, वही स्वच्छ आरओ जल अब गांव में मात्र दो रुपये में उपलब्ध होगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि इस राशि का उपयोग आरओ प्लांट के रखरखाव एवं संचालन में किया जाए, ताकि यह व्यवस्था लंबे समय तक सुचारू रूप से चलती रहे।

उन्होंने यह भी कहा कि यद्यपि यह प्लांट फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित किया गया है, परंतु इसके संरक्षण एवं रखरखाव की जिम्मेदारी ग्रामवासियों को ही उठानी होगी। सामुदायिक सहभागिता से ही इस प्रकार की योजनाओं का सफल संचालन संभव है।

जनपद सीईओ ने फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यो की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में अन्य गांवों में भी इसी प्रकार के जनहितकारी कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सरपंच, सचिव, फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।





# नगर परिषद में जनगणना मकान सूचीकरण कार्य करने पर दो शिक्षकों का सम्मान

**मालनपुर 7 मई.** नगर परिषद मालनपुर में जनगणना 2026 के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर प्रगणक(शिक्षक) ब्रजेश कुमार मिश्रा द्वारा क्रमांक 15 एवं शिक्षक राकेश सिंह तोमर द्वारा क्रमांक 11 का कार्य समय-सीमा में पूरी निष्ठा एवं सटीकता के साथ पूर्ण किया गया। इस उत्कृष्ट कार्य पर सुपरवाइजर कृष्णवीर भदौरिया की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रेहान अली जैदी द्वारा दोनों प्रगणकों को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया एवं हार्दिक बधाई प्रेषित की गई। इस अवसर पर नगर परिषद के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण करने वाले प्रगणक सम्मानित

**भिण्ड, 7 मई।** भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत भिंड जिले के ग्रामीण एवं नगरीय चार्ज क्षेत्रों में जनगणना का प्रथम चरण पूर्ण करने की प्रक्रिया जारी है। कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान: जिले में जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य सर्वप्रथम शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले प्रगणकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी, जिला भिंड द्वारा जिले में सबसे पहले कार्य पूर्ण करने वाले प्रगणक एचएलबी-22 राकेश शर्मा, प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय जंजारीपुरा (अटेर), जनगणना चार्ज भिंड ग्रामीण को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर और नगदी चोरी

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 7 मई।** लहार थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुरा में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर एवं नगदी चोरी कर ली। घटना की शिकायत थाना लहार में दर्ज कराई गई है।

**रात में बाहर सोने गए थे परिजन:** फरियादी रामकुमार नगायच पुत्र रामसेवक नगायच निवासी ग्राम मोहनपुरा ने पुलिस को बताया कि 6 मई की रात करीब 10 बजे भोजन करने के बाद परिवार के सदस्य बाहर सोने चले गए थे। सुबह करीब 5 बजे छोटे भाई द्वारा सूचना दी गई कि घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलने पर जब उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ मिला।

पीड़ित के अनुसार अज्ञात चोर अलमारी में रखी सोने की झुमकी, अंगूठी, बाला, चांदी के पायजेब, तोड़िया एवं नगदी रुपए चोरी कर ले गए।

# डीआईजी असित यादव का किया भव्य स्वागत



**मेहगांव, 7 मई।** आज वरिष्ठ समाज सेवी जबर सिंह कुशवाह के निज निवास पर पधारे भिंड के पुलिस अधीक्षक रहे एवं वर्तमान में श्री डॉ असित यादव को डीआईजी ग्वालियर बनाए जाने पर निज निवास मुरैना रोड़ मेहगांव में जबरसिंह कुशवाह व साथियों के द्वारा माल्यार्पण एवं शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर रामप्रकाश यादव वरिष्ठ नेता, रंजीत सिंह गुर्जर, भगीरथ गुर्जर, मनीष शिवहरे, कल्लू सिंह कुशवाह, सुनील जादौन, संजू जादौन, कल्लू गर्ग, रामोतार कुशवाह, अमर सिंह कुशवाह, वीरेंद्र यादव, गुडडू नरवरिया, परजीत लोधी आदि उपस्थित रहे।